# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय

# DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY

**(Formerly UP Technical University)**

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226031

**Sec-11, Jankipuram, Vistar Yojna, Lucknow, Uttar Pradesh -226031**

**पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/कुप०का०/2021/11842** दिनांकः 19 मई, 2021

सेवा मे,

अध्यक्ष / निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0ए0पी0जे0अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के पठन–पाठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / कुपा0का0 / 2021 / 11841 दिनांक 11 मई, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, उक्त पत्र के माध्यम से कोविड–19 के तेजी से बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के पठन–पाठन का कार्य, एवं समस्त शिक्षण संस्थान को भौतिक रूप से बन्द रखने और परिसर में किसी भी शिक्षक, छात्र / छात्रा तथा कर्मचारी अथवा अधिकारी को उपस्थिति न होने तथा ऑनलाईन कक्षाओं को दिनांक 20 मई, 2021 तक स्थगित किये जाने के निर्देश जारी किये गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या 66049 / 21 / 16–1099 / 270 / 2020 दिनांक 19 मई, 2021 (प्रतिलिपि संलग्न) मे दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित सभी कक्षायें / शिक्षण कार्य संस्थान परिसर में ना होकर दिनांक 20 मई, 2021 से आन–लाइन के माध्यम संचालित कराना सुनिश्चित करें। संस्थान परिसर में छात्र / छात्राओं की उपस्थित नहीं होगी। छात्र / छात्राओं को डिजीटल लाइब्रेररी, AKTU Digital Education, SWAYAM PRAPH CH-15, NPTEL, SWAYAM तथा यू–राइज पोर्टल आदि पर अपलोड किये गये ई–कन्टेंट्स का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाय।

कृपया उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कश्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोक्त।

**(प्रो0 विनय कुमार पाठक)**
कुलपति

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. परीक्षा नियंत्रक, अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

**(प्रो0 विनय कुमार पाठक)**
कुलपति

I/66043/2021

**शीर्ष प्राथमिकता**

संख्या: 66043/21/16-1099/270/2020

प्रेषक,

**सुनील कुमार चौधरी**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- **कुलपति**, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

2- **कुलपति**, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ।

3- **कुलपति**, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

4- **निदेशकगण**, समस्त शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थान/राजकीय इंजी0 कालेज।

5- **निदेशक**, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 19 मई, 2021

**विषय:-** कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों को संचालित किये जाने सम्बंधीदिशा-निर्देश।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-65253/21-1099/270/2020 दिनांक 10.05.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/ अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों के परिसर दिनाक 20.05.2021 तक भौतिक रूप से बंद रखने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

2. इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियन्त्रणाधीन प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों/ शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों को संचालित किये जाने का निम्नवत निर्णय लिया गया है:-

1- दिनांक 20.05.2021 से पाठ्यक्रम से संबंधित सभी कक्षाएं/शिक्षण कार्य संस्थान परिसर में ना होकर आन लाइन ही संचालित किये जायेंगे। तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों के परिसर में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति नही होगी।

2- छात्रों को प्राविधिक विश्वविद्यालयों की डिजीटल लाइब्रेरी, N.P.T.L तथा यू-राइज पोर्टल आदि अपलोड किये गये ई-कन्टेंट्स का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाय।

3- परिसर में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में कुलपति/निदेशकगण/प्रधानाचार्यगण द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

4- शिक्षकों/छात्रों के संक्रमित होने अथवा निगेटिय रिपोर्ट के बाद किसी अन्य चिकित्सीय कठिनाई के समय उक्त छात्र-शिक्षक को पठन-पाठन आन लाइन जारी रखने अथवा न रखने के संबंध में संबंधित कुलपति, निदेशक, विभागाध्यक्ष या प्रधानाचार्य कोविड-19 गाइड लाइन के अनुसार अपने स्तर से निर्णय ले सकेगें।

5- तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/ स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों में कार्यरत समूह-'ख' 'ग' एवं 'घ' के कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु साप्ताहिक रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जायेगा कि ऐसे कर्मी अल्टरनेट (वैकल्पिक) रूप में कार्यालय आये तथा शेष 50 प्रतिशत कार्मिक घर से ही कार्य निष्पादित करेगें।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( सुनील कुमार चौधरी )**
विशेष सचिव।

Digitally signed by सुनील कुमार चौधरी
Date:Wed May 19 12:07:10 IST 2021
Reason: Approved

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

I/66043/2021

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. जिलाधिकारी, सम्बंधित जनपद।
7. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
8. प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2/3, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( सुनील कुमार चौधरी )

विशेष सचिव।